**राजस्थान के श्रीगंगानगर स्थित अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज के नए भवन के उद्घाटन के अवसर पर माननीय लोक सभा अध्यक्ष का संबोधन**

-----

***प्रिय शिक्षकगण,***

***कर्मचारीगण,***

***विद्यार्थियो तथा***

***देवियो और  सज्जनो***

------

1. मित्रो, आज  राजस्थान के श्रीगंगानगर स्थित अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज के नए भवन के उद्घाटन के अवसर पर आप सभी के बीच आकर मुझे बहुत खुशी हो रही है।

2. मैं राजस्थान में महिला शिक्षा को बढ़ावा देने और छात्रों में नैतिक मूल्यों एवं सदाचार की भावना विकसित करने के लिए शिक्षण और जन कल्याण ट्रस्ट की सराहना करता हूं।

3. विशेषकर गरीबों और वंचितों के लिए शिक्षा का प्रचार-प्रसार करना मानवता की परम सेवा है क्योंकि ऐसा करके ही उनके जीवन स्तर को बेहतर बनाया जा सकता है।

4. मुझे यह जानकर खुशी हुई कि अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज,  श्रीगंगानगर के छात्र  अधिकांशतः सामाजिक और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों से आते हैं।

5. मैं यहाँ शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय बदलाव लाने के नेक उद्देश्य को पूरा करने की दिशा में एक मार्गदर्शक की भूमिका निभाने के लिए श्री श्याम सुंदर गिदरा जी को हार्दिक  बधाई देता हूँ।

6. शिक्षा लोगों को सशक्त बनाने का सबसे अच्छा माध्यम है और विशेष रूप से समाज के कमजोर वर्गों के सशक्तीकरण में शिक्षा का महत्वपूर्ण योगदान होता है।

7. शिक्षा समाज के कमजोर वर्गों को अपनी परिस्थितियों से ऊपर उठने,  अपने सामने आने वाली बाधाओं को दूर करने और अपने जीवन को बेहतर बनाने का संबल प्रदान कर समाज में परिवर्तन लाती है और उनका सामाजिक उत्थान सुनिश्चित करती है। शिक्षा सशक्तीकरण का सबसे प्रभावी माध्यम है। भारत के विकास एजेंडे में शिक्षा पर विशेष बल दिया गया है।

8. समाज को हमारे युवाओं से बहुत उम्मीदें हैं।  भविष्य में आपको ही हमारे समाज का नेतृत्व करना होगा और परिवर्तन का एजेंट बनना होगा।

9. आपको राष्ट्र निर्माण के कार्य में शामिल होना चाहिए और लोकतांत्रिक संस्थाओं को समाज के प्रति जवाबदेह बनाने के लिए काम करना चाहिए।

10. मैं युवाओं और विशेषकर विद्यार्थियों का आह्वान करता हूं कि वे सार्वजनिक कार्यों में और अधिक सक्रियता से भाग लें ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया तथा इस देश के शासन में उनकी समुचित भागीदारी सुनिश्चित हो सके।

11. साथियो, अग्रवाल गर्ल्स कॉलेज के जिस नए भवन का उद्घाटन आज यहां किया जा रहा है उसका पूरा श्रेय एल.सी. गिदरा शिक्षण और जन कल्याण ट्रस्ट प्रबंधन समिति के प्रयासों को जाता है।

12. संस्थान का लक्ष्य कॉमर्स, आर्ट्स, साइंस और कम्प्यूटर साइंस के विद्यार्थियों को स्नातक स्तर तक मूल्य-आधारित शिक्षा प्रदान करना है जिससे छात्रों के कौशल और ज्ञान का विकास किया जा सके।

13. मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह कॉलेज इसी प्रकार शिक्षा के क्षेत्र में अपना शानदार कार्य जारी रखेगा। आप सभी के द्वारा इस क्षेत्र में किये जा रहे प्रयास नि:संदेह प्रशंसनीय हैं।

14. मैं आप सभी के भावी जीवन की सफलता की कामना करता हूं। आप सभी को मेरी हार्दिक शुभकामनाएं।

धन्यवाद।

-----